हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024

तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 30.1 डिग्री

11 बीबीए और बीसीए कोर्स बन रहे छात्रों की पसंद ...


12 जन स्वास्थ्य विभाग का कारनामा, गंदे पानी की ...


फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P.P. Jewellers®
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- परिवार पहचान पत्र की खामियां ठीक करने के लिए हर वार्ड में लगेंगे कैंप सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक
- नशे के खिलाफ पुलिस अभियान चलाएगी सुबह 10 बजे से
- मदवि के सेंटर फॉर डिसएबीलिटी स्टडीज में काउंसलिंग होगी 10 बजे से
- हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नशे के खिलाफ सर्च अभियान चलाएगी
- स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में शिविर सुबह 6 बजे से

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में आज होगी काउंसलिंग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसएबीलिटी स्टडीज (सीडीएस) में 14 जून को प्रातः 10 बजे से डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एमडीयू रजिस्ट्रार प्रो. तनेजा ने दी है।

### 28 मई से छात्र जता रहे हैं विरोध, गुरुवार को विवि के गेट पर ताला जड़ा

# विद्यार्थियों का आंदोलन रंग लाया एमडीयू ने फीस बढ़ोतरी वापस ली

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

फीस बढ़ोतरी के मुद्दे को लगातार आंदोलन कर रहे छात्रों को वीरवार को बड़ी कामयाबी मिली। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन ने फीस बढ़ोतरी करने के निर्णय को निलंबित कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने शाम को जारी बयान में कहा है कि चार वर्षीय स्नातकीय पाठ्यक्रम (एनईपी) के लिए निर्धारित फीस स्ट्रक्चर को संप्रति लंबित करने का निर्णय लिया है। तर्क दिया गया है कि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों की फीस सरंचना मामले पर केन्द्रीयकृत स्तर की बैठक हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग तथा हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद् द्वारा द्वारा 19 जून को निधारित की गई है। इधर छात्रों को एमडीयू प्रशासन द्वारा रद कर दिए गए निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। विद्यार्थियों का कहना है कि आंदोलन के बीच दाखिला प्रक्रिया जारी है। ऐसे में आंदोलन को कमजोर करने के लिए यूनिवर्सिटी ने फीस कम करने का पैतरा न चला हो। इसलिए 20 जून को इस मसले को लेकर छात्रों की मीटिंग होगी।




### पांच गुना तक फीस बढ़ोतरी से बढ़ा रोष

सरकार फीस बढ़ोतरी करके प्रदेश में छात्रों और उनके अभिभावकों की नाराजगी मोल लेने की स्थिति में नहीं है। ऐसी राजनीतिक परिस्थितियों में भी अगर सरकार फीस बढ़ोतरी के निर्णय से पीछे नहीं हटती तो हिम्मत को दाद दी जा सकती है। ऐसे में छात्रों को ये उम्मीद कर लेनी चाहिए कि शिक्षा सत्र 2024-25 में फीस की बढ़ोतरी नहीं होगी। चूंकि फीस बढ़ोतरी पांच गुना तक की गई है। ऐसे में छात्रों ने इस वृद्धि को बड़ा मुद्दा बनाया हुआ है। छात्र लगातार धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं। आज 13 जून वीरवार को भी विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी गेट पर ताला लगाकर विरोध दर्ज करवाया।

### तारीखों में आंदोलन

- 28 मई को सबसे पहले फीस वृद्धि के विरोध में डीन एकेडमिक को ज्ञापन सौंपा
- 31 में को हस्ताक्षर अभियान चलाकर छात्रों को फीस वृद्धि की जानकारी दी
- 1 जून को कुलसचिव को फीस वृद्धि के खिलाफ ज्ञापन दिया
- 3 को यूनिवर्सिटी के गेट पर पकोड़े तलकर विरोध किया
- 7 को संयुक्त मोर्चा बनाया
- 8 को मीटिंग करके प्रदर्शन का अल्टीमेट दिया
- 13 जून वीरवार को यूनिवर्सिटी के गेट पर ताला जड़ा

### पुरानी फीस के आधार पर ही दाखिल हों

एआईडीएसओ के प्रदेश सचिव उमेश मौर्य ने बताया कि एमडीयू ने बीकॉम और बीएससी की फीस 8592 से 40660 रुपये और बीए कोर्स की फीस 8522 रु से 30660 रु कर दी थी। इसको लेकर सभी छात्र संगठन एमडीयू के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे। मौर्य ने कहा कि यह फीस वृद्धि खुली लूट थी। एमडीयू ने केंद्र व राज्य सरकार के इशारे पर फीस में पांच गुना तक की बढ़ोतरी की थी। अब यूनिवर्सिटी निर्णय वापस लेने की घोषणा बेशक कर रही हो। लेकिन विश्वविद्यालय की बात पर तभी विश्वास किया जा सकता है तो जब शिक्षा सत्र 2024-25 में पुरानी फीस के आधार पर ही दाखिल होंगे। फीस वृद्धि और 4 साल का ग्रेजुएशन कोर्स शिक्षा के निजीकरण और व्यापारीकरण को बढ़ावा देने के लिए, बड़े कॉर्पोरेटों और प्राइवेट प्लेयर्स के लिए अधिक मुनाफा सुनिश्चित करने और उनके लिए लेवल प्लेइंग फील्ड मुहैया कराने के लिए ही उठाए गए कदम हैं। ये आरोप मौर्या ने एमडीयू प्रशासन पर लगाए हैं।

### बैठक में लेंगे निर्णय

20 जून को छात्र नेताओं के साथ बैठक कर के आगामी निर्णय लिया जाएगा। अगर एमडीयू ने ये पांच गुना फीस दोबारा से लागू की तो यूनिवर्सिटी की दाखिला प्रक्रिया रुकवा देंगे और अनिश्चितकालीन धरना शुरू होगा।
**-दीपक धनखड़, छात्र नेता,** मदवि, रोहतक

## रेलवे स्टेशन पर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशे के खिलाफ चलाया सर्च अभियान



**रोहतक।** ब्यूरो यूनिट रोहतक टीम इंचार्ज निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि यूनिट की टीम द्वारा हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी और डीएसपी सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में नशे से संबंधित साथ लगते स्थानों पर छानबीन की गई। कोई सूचना हो तो टॉल फ्री नंबर 90508-91508 पर सूचित करें।

### मदवि: परीक्षाएं 20 जून से प्रारंभ होगी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बीएड तथा एमएड पाठ्यक्रमों के थ्योरी परीक्षा की सारिणी जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष (रेगुलर तथा री-अपीयर), बीएड (एमआर स्पेशल एजूकेशन) प्रथम वर्ष (रेगुलर तथा री-अपीयर), बीएड द्वितीय वर्ष (रेगुलर तथा री-अपीयर), बीएड (एमआर स्पेशल एजुकेशन) द्वितीय वर्ष (रेगुलर तथा री-अपीयर), एमएड (द्वितीय सेमेस्टर) (रेगुलर तथा री-अपीयर), एमएड (स्पेशल एजुकेशन) द्वितीय सेमेस्टर रेगुलर तथा री-अपीयर की परीक्षाएं 20 जून से प्रारंभ होगी। परीक्षा डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। परीक्षा अनुक्रमांक संबंधित विभाग, कालेज, इंस्टीट्यूट के पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा।

### बृहस्पतिवार की रात शहर की बत्ती गुल

**रोहतक।** भीषण गर्मी के बीच बिजली निगम के उपभोक्ताओं को बृहस्पतिवार की रात परेशान होना पड़ा। बृहस्पतिवार की रात अचानक शहर की बत्ती गुल हो गई। निगम के अधिकारियों ने बताया है कि 220 केवी में फाल्ट आया है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बता दें कि बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे शहर की बत्ती गुल हुई तो ब्लैक आउट जैसे हालात बन गए। लोगों ने छतों और गलियों में टहलकर रात काटी। बिजली निगम के कंट्रोल रूम पर फोन किए गए तो नंबर बिजी आया। इस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## गद्दी खेड़ी का जवान गुजरात में शहीद दिमाग की नस फटने से जान गई

### दस साल पहले आर्मी में हुआ था भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव गद्दी खेड़ी निवासी आर्मी का जवान गुजरात में शहीद हो गए। जवान की दिमाग की नस फट गई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार को जवान का पार्थिव शरीर रोहतक पहुंचा। यहां पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। ताऊ के बेटे विक्रांत कलकल ने जवान को मुखाग्नि दी। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ा। वह माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनकी 3 साल की बेटी है।



रोहतक। गांव गद्दी खेड़ी निवासी आर्मी के जवान को श्रद्धांजलि देते हुए आर्मी व लोग ।

#### 18 साल में सिपाही बना

गांव गद्दी खेड़ी निवासी राजेश कलकल ने बताया कि उनके चचेरा भाई मोहित कलकल (28) आर्मी की 25 यूनिट वर्कशॉप में 18 साल की उम्र में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। इसके बाद वह पदोन्नत होकर हवलदार बने। अब वह मेजर बनने के लिए 11 महीने की ट्रेनिंग के लिए गुजरात के वडोदरा गए थे। 6 महीने की ट्रेनिंग पूरी हो गई थी। 5 महीने की ट्रेनिंग बची थी। लेकिन उनका मेजर बनने का सपना पूरा नहीं हो सका।



मोहित।

#### अस्पताल में तोड़ा दम

राजेश ने बताया कि मोहित की ट्रेनिंग के दौरान दिमाग की नस फट गई है। इसके बाद मोहित को संभाला और वहां अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मोहित का इलाज शुरू किया लेकिन करीब 2 दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद मोहित की मौत हो गई।

#### मोहित के पास तीन साल की बेटी

राजेश ने बताया कि मोहित कलकल की शादी करीब 4 साल पहले हुई थी। शादी के करीब एक साल बाद उनके घर में बेटी पैदा हुई। अब मोहित की बेटी करीब 3 वर्ष की है। बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। मोहित के पिता हरज्ञान भी फौज में थे। शहीद जवान की 2 बहने हैं, जिनकी शादी हो चुकी हैं। कलकल खाप के प्रधान राजपाल कलकल ने बताया कि शहीद जवान 28 अप्रैल को छुट्टी काटकर घर से गए थे। अब ट्रेनिंग पूरी होने के बाद घर आना था, लेकिन इससे पहले वह शहीद हो गए।

## पीपीपी ठीक करने के लिए आज से 22 तक हर गांव व वार्ड में कैंप



**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों की बैठक लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह । फोटो : हरिभूमि

- निर्धारित अवधि तक सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक सभी दिन लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करने के लिए गांव व वार्ड स्तर पर 14 से 22 जून तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर बाद 3 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किये जाएगे। सभी संबंधित अधिकारी इन शिविरों में परिवार पहचान पत्र से संबंधित लंबित शिकायतों तथा शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का 22 जून तक निपटारा सुनिश्चित करें।एडीसी वैशाली सिंह ने जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के दौरान बैकलॉग पेंडेंसी के साथ-साथ शिविर के दौरान प्राप्त होने वाली नई शिकायतों का भी निपटारा किया जाना है। शिविरों के दौरान जन्मतिथि, आय इत्यादि की त्रुटियों को ठीक किया जाएगा। इसके लिए टीमें गठित की गई है।



**रोहतक।** लघु सचिवालय में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजस्व से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा मीटिंग करते हुए उपायुक्त अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

### डीसी के निर्देश-इंतकाल के मामले 15 अगस्त से पहले निपटाए जाएं

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने न्यायालयों में लंबित मामलों, कार्यालय में लंबित इंतकाल इत्यादि के कार्य को यथाशीघ्र निपटाए। फसलों के मुआवजा वितरण के लंबित मामलों का भी शीघ्र निपटारा किया जाए। अजय कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजस्व से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित इंतकाल के सभी मामलों को 15 अगस्त से पहले निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वामित्व योजना के कार्य भी समीक्षा की तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अजय कुमार ने रोहतक व सांपला के उपमंडलाधीशों के कार्यालयों में लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा की। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी तथा रोहतक के तहसीलदार को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को निपटाने की गति को बढ़ाया जाये। उन्होंने फसलों को हुए नुकसान की एवज में प्राप्त हुए मुआवजा के वितरण की भी समीक्षा की तथा लंबित मुआवजा राशि यथाशीघ्र वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के लक्ष्य की भी समीक्षा की तथा खरावड़ में गोबरधन परियोजना के बारे में जानकारी दी।

SANSKARAM UNIVERSITY
Leading the Way to World's Future...
Established under Haryana Private Universities Act, 2006 (Haryana Act No. 3 of 2024) and Approved by UGC under section 2(f) of the UGC Act 1956
10+2 गौरवशाली विद्यार्थी होंगे सम्मानित
संस्कारम् शिक्षा गौरव समारोह- 2024
12वीं के गौरवशाली जिन्होंने HBSE/ICSE/CBSE बोर्ड एग्जाम में 60% से ज्यादा अंक प्राप्त किये है| उन गौरवशाली विद्यार्थिओं का सम्मान किया जा रहा है।
रविवार, 16 जून 2024 | सुबह 10:00 बजे
स्थान: सुपवा ऑडिटोरियम, रोहतक
रविवार, 23 जून 2024 | सुबह 10:00 बजे
स्थान: संस्कारम् यूनिवर्सिटी, झज्जर
विद्यार्थी अपने रिजल्ट की फोटोकॉपी अवश्य अपने साथ लेकर आए ...
विद्यार्थी फ्री रजिस्ट्रेशन के लिए दिये गए बार कोड को स्कैन करें

| MARKS CATEGORY | SCHOLARSHIP IN % |
|---|---|
| 95% to 100% | 100% Tuition Fee Waiver |
| 90% to 94% | 50% Tuition Fee Waiver |
| 80% to 89% | 40% Tuition Fee Waiver |
| 70% to 79% | 30% Tuition Fee Waiver |
| 60% to 69% | 10% Tuition Fee Waiver |

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : मोबाइल . 7056999201 | 7056999202
Admission Open in 100+ Programs : B.Tech | M.Tech | BBA | MBA | B.Com | M.Com | BCA | MCA | BBA LLB | BA LLB | LLB | LLM | BA | MA | B.VSc & AH | VLDD | PHARMACY | FORENSIC SCIENCE | AGRICULTURE | HOTEL MANAGEMENT | B.Voc | JOURNALISM MASS & COMM. | B.Sc | M.Sc
www.sanskaramuniversity.ac.in info@sanskaramuniversity.ac.in
CAMPUS ADDRESS : N.H - 71, PATAUDA, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट !

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।

### हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।



### पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।



### पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट

फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

### अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

### अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।


सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *



## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
सोनू : 20 नंबर।
**-रंजीत, हिसार**

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
**-खुशबू, रायपुर**



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
**-शुभम, भोपाल**

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


उदय, बालोद


रितेश, मटियारी


सृष्टि, रायपुर


अपर्णा, कबीरधाम

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी


अंकिता, धमतरी

## रंग भरो 153


बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?






उत्तर: D

## खबर संक्षेप

### फ्लोरबॉल के दो मुकाबले एमडीयू ने जीते

**रोहतक।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय फ्लोरबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन गत 15 जून तक आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में किया जाएगा। वीरवार का स्पर्धा का शुभारंभ भारतीय फ्लोरबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. दीपेन्द्र आर्य ने किया। लड़कियों का प्रथम मुकाबला महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक और बैंगलोर यूनिवर्सिटी कर्नाटक के मध्य खेला गया। जिसमें रोहतक की टीम ने बैंगलोर यूनिवर्सिटीज को 12-02 के अन्तर से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

### चिड़ी में 2 युवकों के साथ मारपीट, 4 पर केस दर्ज

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी में दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी लोकेश पुत्र दिलबाग सिंह ने बताया कि वह शादीशुदा है और बाल बच्चेदार है। करीब डेढ़ साल पहले उसके चाचा जगमेंद्र की मेरे ताऊ रमेश के साथ कहासुनी हुई थी।

### जल स्वच्छता मिशन के एक हजार दिन पूरे

**रोहतक।** नहरों के जल की स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता के एक हजार दिन पूरे होने पर सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा दिल्ली बाईपास के नजदीक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिंचाई विभाग से यमुना वॉटर सर्विस सर्कल के अधीक्षक अभियंता दिनेश राठी ने आमजन से अपील की कि नहरों में किसी भी प्रकार का सामान डालकर प्रदूषित न करें।

### हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसो. की बैठक 16 को

**रोहतक।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की बैठक 16 जून को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन नेहरू कॉलोनी मीटिंग होगी। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा करेंगे। महासचिव कुलदीप राठी ने बताया कि इसमें मुख्य एजेंडा एसोसिएशन द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव के 10 अप्रैल की भाषण, निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता रहेगा।

# महावीर कॉलोनी पहुंचे बतरा, दो कर्मचारी मिले, नोडल अधिकारी से मांगा जवाब

## बत्तरा ने कहा, जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा रोज आ सकता हूं महावीर कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महावीर कॉलोनी में स्ट्रांग वाटर डिस्पोजल पाइप डालने के दौरान जो सीवरेज और पानी की पाइप टूटने से लोगों को असुविधा हुई वह ठीक होने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस के शहरी विधायक भारत भूषण बत्तरा द्वारा इस बारे में स्थानीय प्रशासन को दिया गया अल्टीमेटम समाप्त होते ही विधायक बृहस्पतिवार को दोबारा महावीर कॉलोनी पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पाया कि लगभग 36 कनेक्शन यहां टूटे हैं, जिन्हे ठीक करने के नाम पर विभाग द्वारा केवल दो कर्मचारी महावीर कॉलोनी में भेजे गए हैं। एक बार फिर विधायक ने इस बारे में संबंधित विभाग एवं नोडल अधिकारी से बात कर स्पीडी एक्शन की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि काम के बीच में बरसात शुरू हो गई तो लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा और प्रशासन भी उस दौरान कुछ नहीं कर





पाएगा। अल्टीमेटम की अवधि समाप्त होने के बाद आज विधायक भारत भूषण बत्तरा एक बार फिर महावीर कॉलोनी पहुंचे। कॉलोनी वासियों ने अब तक पेयजल के मामले में हुई कार्यवाही पर संतोष जाहिर किया, लेकिन कहा कि सीवरेज ठीक करने के नाम पर केवल दो कर्मचारी यहां भेजे गए हैं, जिसे एक भी सीवरेज ठीक नहीं हुआ है।

### नोडल अफसर से अपडेट लिया

इस दौरान बत्तरा ने महावीर कॉलोनी के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर अपडेट मांगा। विधायक ने कहा कि प्रशासन ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि 2 दिन के अंदर यहां स्पीड से कम होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विभाग द्वारा यहां पाइप लाइन डालने के दौरान 36 के आसपास सीवरेज कनेक्शन टूटे हैं, जिनको ठीक करने के नाम पर केवल दो कर्मचारी यहां पर छोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम सर पर है, ऐसे में विभाग ने अगर समय रहते कार्यवाही तेजी से नहीं की, तो यहां के लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ जाएगा। बारिश हो गई तो पहले से ही असुविधा का सामना कर रहे महावीर कॉलोनी वासियों के लिए लंबे समय तक कोई राहत नहीं मिल पाएगी।

बत्तरा ने कहा कि विभाग इस मामले में स्पीडी एक्शन ले। सीवरेज ठीक करने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए, उन्होंने नोडल अधिकारी एसडीएम आशीष शर्मा, एससी आर के शर्मा और चंडीगढ़ मे पब्लिक हेल्थ के चीफ इंजीनियर प्रदीप पुनिया से बात की। बत्तरा ने नोडल अधिकारी से कहा कि वे स्वयं या तो इलाके का दौरा करें, या संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें कि काम तेजी से हो।

## मिशन एडमिशन: 26 तक खुला है पोर्टल, पांच गुणा आवेदन आने की संभावना

# बीबीए और बीसीए कोर्स बन रहे छात्रों की पसंद, सीट के मुकाबले 6 गुना आवेदन

### इस बार विद्यार्थी बीबीए और बीसीए कोर्स करने में रूची ज्यादा दिखा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यूजी में दाखिलों को लेकर छात्र रूची अनुसार कोर्स में आवेदन कर रहे हैं। इस बार विद्यार्थी बीबीए और बीसीए कोर्स करने में रूची ज्यादा दिखा रहे हैं। इन दोनों कोर्स में अगर अभी तक के आवेदनों की बात करें तो आईसी कॉलेज और नेकीराम कॉलेज में सीटों से करीब दो गुणा ज्यादा आवेदन किए जा चुके हैं। नेकीराम कॉलेज में बीबीए की 60 पर 295 और बीसीए की 120 सीट पर 670 आवेदन किए गए हैं। इसी तरह आईसी कॉलेज में बीबीए की 60 सीट पर 104, बीसीए में 120 पर 225 आवेदन आ चुके हैं। यानी सीट से करीब पांच गुणा ज्यादा। ये आंकड़ा अभी और भी ज्यादा बढ़ने की संभावना है क्योंकि पोर्टल 25 जून तक खुला है।



### 2 को प्रोविजनल और 3 को फाइनल मेरिट लिस्ट

दस्तावेजों की जांच 28 जून तक चलेगी। इसके बाद पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। इस बार 2 जुलाई को प्रोवीजनल मेरिट जारी की जाएगी। अगर उसमें कोई बदलाव हुआ तो 3 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिनका नाम इस लिस्ट में आएगा वह विद्यार्थी 4 जुलाई से 8 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट प्रोवीजनल 9 को और फाइनल 10 को जारी की जाएगी। फीस 10 जुलाई से 12 जुलाई तक भरी जाएगी। सरकारी कॉलेज में ऑनलाइन और प्राइवेट कॉलेज में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में विद्यार्थी फीस जमा करवा सकेंगे।

### नेकीराम कॉलेज

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 720 | 1908 |
| बीसीए | 120 | 670 |
| बीबीए | 60 | 295 |
| बीए इकोनोमिक्स मेजर | 60 | 71 |
| बीए इंग्लिश मेजर | 80 | 148 |
| ज्योग्राफी मेजर | 80 | 114 |
| हिंदी मेजर | 80 | 41 |
| हिस्ट्री मेजर | 80 | 74 |
| पॉलिटिकल साइंस मेजर | 80 | 158 |
| साइकॉलोजी मेजर | 40 | 85 |
| बी कॉम | 320 | 453 |

### आईसी कॉलेज

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 800 | 1003 |
| बीसीए | 120 | 225 |
| बीबीए | 60 | 104 |
| बीए इकोनोमिक्स मेजर | 80 | 37 |
| बीए इंग्लिश मेजर | 80 | 84 |
| बीए हिंदी मेजर | 60 | 26 |
| साइकॉलोजी मेजर | 60 | 62 |
| बी कॉम | 440 | 231 |

### तीन जून से खुला है पोर्टल

बता दें कि यूजी में दाखिलों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 3 जून से चल रही है। ऑनलाइन पोर्टल खुलने के बाद से ही विद्यार्थी अपनी रूची के अनुसार आवेदन कर रहे हैं। वहीं इसी के साथ ही 5 जून से विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच भी जारी है। इसके लिए महाविद्यालयों द्वारा जांच कमेटियों का गठन किया गया है। अगर किसी छात्र के फार्म में कोई खामी है तो ऑब्जेक्शन लगागर उनके मोबाइल पर मैसेज भेजा जा रहा है, जिससे कि विद्यार्थी वह दस्तावेज अपलोड कर जो दाखिला प्रक्रिया के लिए जरूरी है। फोन और इमेल के जरिए भी यह सूचना दी जा रही है। यहां ये भी बता दें कि अगर ऑब्जेक्शन लगने के बाद विद्यार्थी ने वह दस्तावेज अपलोड नहीं किया जो मैसेज के जरिए उसे अपलोड करने को कहा गया है तो उस छात्र का नाम मेरिट सूची में नहीं आएगा।




# कारगिल यात्रा का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहीद सेवा दल पूरे हरियाणा में कारगिल यात्रा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत 10 मई को सिरसा से की गई। यह यात्रा 26 जुलाई तक शहीदों की प्रतिमाओं व उनके परिवार व स्मारकों को नमन करते हुए कारगिल पहुंचेगी और वहां कारगिल दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होगी। वीरवार को सुबह कारगिल यात्रा का एलपीएस बोसार्ड में स्वागत किया गया। कारगिल यात्रा के चेयरमैन सावन सिंह ने राजेश जैन का आभार व्यक्त किया। यात्रा में 80 युवा भाग ले रहे हैं। राजेश जैन ने कारगिल यात्रा को झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर पहरा दे रहे सैनिकों की वजह से ही हम सुरक्षित हैं। देश के लिए शहीद हुए सैनिकों को उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, दीपक, सेवाराम, राम, देवेन्द्र राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ




**रोहतक।** बनियानी स्थित शिव मंदिर में महर्षि कपिल मुनि योग पीठ आरोग्य सेवा ट्रस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग शिविर लगाया गया। शिविर 11 जून से लेकर 21 जून तक लगाया जाएगा। आचार्य दयाल सागर ने बताया कि योग करने से सारी बीमारियां दूर होती हैं। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। शिव मंदिर के महंत लीला नाथ ने बताया कि आचार्य दयाल सागर योगाभ्यास करवा रहे हैं और साथ ही इसके फायदे भी बता रहे हैं। इस मौके पर राजेश, रतिपाल, सुमन कुमार, साधु, मगंल, धौलू, ब्रह्मचारी, भूप सिंह आदि मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में पहुंची 104 शिकायतें डीसी के तत्काल कार्रवाई के आदेश

- समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें अधिकारी :- उपायुक्त अजय कुमार
- जिला व उपमंडल मुख्यालय पर आयोजित हो रहे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा करना सुनिश्चित करें। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हर कार्य दिवस सुबह 9 से 11 बजे तक जिला व उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की शिकायतों की सुनवाई कर यथासंभव निपटारा किया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में जन शिकायतें सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। शिविर में 104 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनकी सुनवाई के उपरांत संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निपटारे के लिए सौंपा गया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे से संबंधित रिपोर्ट सरकार को भेजी जा रही है। अधिकारियों द्वारा हर शिकायत का उसी दिन समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। अजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की हर कार्य दिवस को सुबह 9 से 11 बजे तक सुनवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने भी समाधान शिविर में पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की तथा विभाग के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों के निपटारे के प्रयास किये जा रहे है।



**रोहतक।** डिस्ट्रिक जेल में वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व जेल अधीक्षक सत्यवान

### जेल में वाटर कूलर भेंट किए

**रोहतक।** डिस्ट्रिक जेल में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने अपनी माता सुशीला देवी जैन व पिता बिमल प्रसाद जैन की स्मृति में दो वाटर कूलर आरओ के साथ लगाए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि राजेश जैन, जेल अधीक्षक सत्यवान, जेल उप अधीक्षक अंकित मलिक, समाज सेवी सुभाष तायल ने उद्घाटन किया। जेल अधीक्षक ने कहा कि राजेश जैन हमेशा समाज सेवा में आगे रहते हैं। राजेश जैन ने कहा कि 15 जुलाई से 31 अगस्त तक रोहतक में एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू कर रहे हैं। इस अवसर पर एमडी सजिद खान, दिनेश यादव, जगत सिंह मलिक, रमेश रोहिल्ला, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल आदि उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ में तीन नए कानूनों के संबध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

13 जून : राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के आदेश एंव निर्देशानुसार हरियाणा, पंजाब व यूटी चंडीगढ़ की विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने चंडीगढ़ ज्यूडिशियल एकेडमी चंडीगढ़ के कोर्डिनेशन से ज्यूडिशियल एकेडमी चंडीगढ़ में 11 से 13 जून 2024 तक चीफ एंव डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल के लिए केंद्र सरकार के तीन नये कानूनों के संबध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न जिला एंव सत्र न्यायाधीश एंव फैकल्टी सदस्यों ने नये कानूनों के संबंध मे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2024 से तीन नये अपराधिक कानून लागू करने की घोषणा कर दी है। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। नये कानूनों में कई अहम बदलाव भी किये गये हैं, जैसे राजद्रोह को हटाया गया है। आंतकवादी गतिविधियों की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। यौन अपराधों के लिये कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इन कानूनों का मुख्य उदेश्य लीगल सिस्टम मार्डन जरुरतों के अनूरुप लाना और राष्ट्र की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) है।



**रोहतक।** योग सिखाते हुए जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जगबीर।

### उपायुक्त निर्देशानुसार 15 दिवसीय योग शिविर आरंभ

**रोहतक।** 13 जून : नेहरू युवा केंद्र के अध्यक्ष उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार आयुष विभाग व जिला नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से डबल पार्क मॉडल टाउन में 15 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ आज यज्ञ के साथ किया। जिला महिला पतंजलि योग समिति व नव जागृति महिला किसान क्लब के संयुक्त तत्वाधान में इस अवसर पर यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक आशीष सांगवान ने बताया कि इस साल के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है- महिला सशक्तिकरण के लिए योग और इस शिविर की सार्थकता इसी से साबित हो जाती है कि आज यहां पर 100 से ज्यादा महिलाएं योग सिखने के लिए उपस्थित है।

## नारी सम्मान को जीवन का हिस्सा बनाएं: पूनम आर्या

# चरित्रवान युवा ही राष्ट्रीय उन्नति का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद एवं युवा निर्माण अभियान के संयुक्त तत्वाधन वीरवार को स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में युवा चरित्र निर्माण शिविर का उद्घाटन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि चरित्रवान युवा ही राष्ट्रीय उन्नति का आधार है। आर्य समाज प्रारंभ से ही युवा के सर्वांगीण विकास के लिए युवाओं के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।



**रोहतक।** शिविर का शुभारंभ करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश।

उसको अपनी संस्कृति के लिए सम्मान की भावना पैदा करने का प्रयास निरंतर चल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आर्य समाज के युवा संगठन दिसंबर तक एक लाख युवाओं को आर्य समाज में दीक्षित करेंगे तथा युवा निर्माण अभियान के तहत आर्य समाज तथा वेद की प्राथमिक जानकारी देंगे।

बहन पूनम आर्या ने कि आज युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वो नारी सम्मान को जीवन का हिस्सा बनाएंगे। अगर हर परिवार का युवा ये मन बना ले कि वो बहनों के मान सम्मान तथा स्वाभिमान को सुरक्षित रखेगा तो इस देश को विश्व गुरु बनने से नहीं रोक सकता। शिविर 17 जून तक चलेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन पूनम आर्या, सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश, युवती परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन प्रवेश आर्या, अमेठी के विद्वान डॉक्टर ज्वलन्त कुमार शास्त्री, कुण्डू खाप के राष्ट्रीय संयोजक वीरेंद्र कुण्डू, परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री जगफुल ढिल्लों, राष्ट्रीय व्यायाम आचार्य सहसरपाल आर्य, आर्य युवक परिषद दिल्ली के प्रधान उत्तम आर्य, उप प्रधान अजयपाल आर्य, वीरेंद्र खटकड़, रजनेश कुण्डू, महासिंह, जिले सिंह, दिलबाग, सचिन आर्य, साहिल आर्य, बंटी आर्य आदि उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी खेल परिसर स्थित हॉकी ग्राउंड में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

- तीन दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर जारी, 15 जून को होगा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा सभी तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर स्थित हॉकी ग्राउंड में 13 जून को प्रातः 6 से 7:30 बजे तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इसमें खेल विभाग के बच्चों, कोच, आमजन, योग सहायक, योग प्रशिक्षकों, आयुष विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. ईशा ने बताया कि आधुनिक जीवन शैली से उत्पन्न मधुमेह, रक्तचाप, जैसी व्याधियॉं चिकित्सा क्षेत्र में बहुत बड़ी चुनौती है एवं प्राणायाम व योगासन द्वारा हम अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हुए स्वस्थ जीवन यापन कर सकते है।



**रोहतक।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग की तैयारी करते हुए

### भाजपा के किसान मोर्चा ने बांटे लड्डू

**रोहतक।** भाजपा के किसान मोर्चा ने नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर लड्डू बांटे। जिलाध्यक्ष राजकुमार सुनारियां ने कहा कि प्रधानमंत्री बनते ही पहली कलम से नरेन्द्र मोदी ने पहली कलम से किसान सम्मान निधी के 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए। राजकुमार ने बताया कि नरेन्द्र मोदी किसानों ने सच्चे हितैश्ज्ञी हैं ओर हमेशा किसान हित में फैसला लिया है।

**आवश्यक सूचना**

**एथलेटिक्स स्पोर्ट्स (लड़कों के लिए) नर्सरी के ट्रायल हेतु**

सर्वविदित को सूचित किया जाता है कि सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में एथलेटिक्स नर्सरी हेतु सभी कैटेगरी (वर्ग) की ट्रायल **दिनांक 14 जून, 2024** को **सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के एसएसबी ग्राउंड** में होने जा रही है। इच्छुक प्रतिभागी **प्रातः 7:00 बजे** सभी डॉक्यूमेंट के साथ अपने निर्धारित स्थान पर पहुँचे।
सादर
**सांगवान इंटरनेशनल स्कूल**

## खबर संक्षेप

### दो युवकों को वाहन चोरी के शक पर काबू किया

**रोहतक।** पीजीआई की पार्किंग से पुलिस ने दो युवकों को शक के आधार पर काबू किया है। युवकों से पूछताछ की जा रही है। उन पर वाहन चोरी की वारदातों में शामिल होने का शक किया जा रहा है। देर रात तक युवकों से कोई खुलासा नहीं हो पाया है। बता दें कि बृहस्पतिवार की शाम ट्रॉमा सेंटर की पार्किंग से सिक्योरिटी गार्ड ने दो युवकों को वाहन चोरी करने के शक में पकड़ा है। दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने जनता कॉलोनी में स्थित कमरे से युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। कमरे से देसी शराब की पेटी बरामद हुई जो कुल 122 बोतल शराब बरामद हुई है। शिवाजी कॉलनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि बाबरा मौहल्ला निवासी युवक जनता कॉलोनी में स्थित धर्मेंद्र के मकान के ऊपर बने कमरे में अवैध रुप से शराब बेचने का काम कर रहा है। कमरे से नरेश निवासी बाबरा मौहल्ला को अवैध शराब सहित काबू किया गया। तलाशी लेने पर कमरे से 2 गता पेटी शराब, 4 पेटी पव्वा शराब व 4 पेटी अध्धा शराब की बरामद हुई जो कुल 122 बोतल शराब बरामद हुई।

### आर्य समाज के बारे में जानकारी दी

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा पंडित जगदेवसिंह सिद्धांती भवन दयानंदमठ में वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एनएसएस स्वयंसेवक पहुंचे। सत्यवान आर्य कार्याल्याधीक्षक, मनजीत श्योराण सहायक कार्याल्याधीक्षक तथा ओमप्रकाश शास्त्री मुख्य गणक ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा व आर्यसमाज से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा आर्य साहित्य के प्रचार के लिए निशुल्क साहित्य वितरण करके जन-जन तक महर्षि दयानंद सरस्वती व आर्यसमाज का संदेश पहुंचाने का कार्य कर रही है।

### 178 खंडित तिरंगे नोडल अधिकारी को सौंपे

**रोहतक।** मेरा झंडा मेरी शान अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों से सम्मान पूर्वक संभाले गए 178 खंडित तिरंगे संयोजक सुंदर जेटली और जितेंद्र कुमार द्वारा निष्पादन के लिए निगम के नोडल अधिकारी विपिन नरवाल को सौंपे गए। उनकी टीम 15 अगस्त 2022 के हर घर तिरंगा अभियान के बाद से निरंतर खंडित तिरंगे को संभालने और रखरखाव के प्रति जागरूक करने का अभियान चला रही है। जितेंद्र कुमार, जिया अहलावत, रानी हुड्डा अहलावत, कृष्ण फौगाट, सुनो नहरों की पुकार मिशन से अजय हुड्डा, शहीद रविंद्र धर्मार्थ ट्रस्ट कमला नगर से नवीन कुमार और शमशेर वत्स, प्रवीन सहगल, नरेंद्र कटारिया, अश्विनी वशिष्ट, विकास चहल, प्रवीन के सहयोग से अब तक 4315 खंडित तिरंगों नोडल अधिकारी को सौंप चुके हैं।

# जन स्वास्थ्य विभाग का कारनामा, गंदे पानी की शिकायत पर बारह मकानों के कनेक्शन काटे

## परेशान लोगों ने सीएम विंडो, डीसी, विभाग को शिकायत की

जब लोगों के घरों में पानी नहीं आया तो मामले का पता चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अपनी कार्यप्रणाली के लिए जन स्वास्थ्य विभाग काफी दिनों से सुर्खियों में हैं। एक तरफ जहां विभाग के कुछ अधिकारियों के काम करने का तरीका अनोखा है वहीं अब उनका नया कारनामा सामने आया है। ग्रीन रोड एरिया से लोगों ने गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत की थी।

इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग के कर्मचारियों ने बिना नोटिस एवं सूचना के सैनी गली के करीब 12 मकानों के पानी के कनेक्शन ही काट दिए। जब लोगों के घरों में पानी नहीं आया तो उन्हें मामले का पता चला। इसके बाद से लेकर वह अब तक अधिकारियों के चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि कनेक्शन किस वजह से काट दिए गए, जबकि वह समय पर पानी के बिल जमा करवाते हैं। विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में गहरा रोष बना हुआ है। उन्होंने सीएम विंडो सहित विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित में शिकायत की है।




**रोहतक।** जन स्वास्थ्य विभाग के जेई के आदेश पर कर्मचारियों ने खोदा गड्ढा और मामले की शिकायत करते वार्ड 15 निवासी। *फोटो : हरिभूमि*

## जेई बोले-अपने खर्चे पर कनेक्शन लगवाओ, हम नहीं लगवाएंगे

जानकारी के अनुसार, सीएम को भेजी शिकायत में वार्ड 15 की सैनी गली नम्बर नौ निवासी अनूप सैनी, चिराग ढल, रजनी,रामरती सैनी, रजनीश गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, दीपक ग्रोवर, केएल खेरा, राजेश सैनी व देवेंद्र सैनी ने बताया कि विभाग का काम करने का तरीका अनोखा है।

उनके एरिया में गंदे पानी की सप्लाई आ रही थी। लोगों ने विभाग में इसकी शिकायत कर दी। इसके बाद 28 मई को कुछ कर्मचारी आए और मेन लाइन पर गड्ढा खोद दिया। इसके बाद सैनी गली में जाने वाले 12 से ज्यादा कनेक्शन ही काट दिए गए। लोगों ने पूछा तो बताया गया कि जेई का आदेश है, गंदा पानी आ रहा है इसलिए कनेक्शन काटे गए हैं।

उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि दोबारा कनेक्शन जोड़ दो, लेकिन कर्मचारियों ने कहा कि जेई का कनेक्शन जोड़ने के आदेश नहीं हैं। लोगों ने जब जेई से बात की तो कहा गया कि अपने खर्चे पर अपने कनेक्शन लगवाओ, हम नहीं लगवाएंगे। जिस पर पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा 12 घरों के कनेक्शन किसी को बिना बताए काट दिए गए।

जबकि कॉलोनी निवासी समय पर बिल जमा करवाते हैं। इस मामले में वह सीएम विंडो से लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# 96 ने किया रक्तदान



**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर महंत बाबा प्रेम दास महाराज के आशीर्वाद से राष्ट्र देवो भव मिशन सदस्य चिराग गोम्बर समाजसेवी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि जिसमें 96 लोगों ने रक्तदान किया। चिराग गोम्बर ने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सभी रक्तदाताओं को चिराग गोम्बर एवं उनकी पत्नी पीहु गोमबर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दौरान हिमांशु ग्रोवर, रेडक्रास सचिव शाम सुंदर, अनुज चावला, तिलक राज भूटानी,, प्रिंस चुग, अशोक कत्याल, अमित बत्रा, राहुल खुराना, पूजा, मनोज, बलदेव मिड्डा, देवराज हुड्डा, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चोरी की दो वारदातों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अलग-2 स्थानों से चोरी की दो वारदातों दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि बहराणा निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। 12 मई को दीपक ने अपनी मोटरसाइकिल को तिलयार झील गेट के पास खडी की हुई थी। अज्ञात युवक पीछे से मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 12 जून को आरोपी मोहित उर्फ गाथा निवासी न्यू विजय नगर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि जवाहर नगर निवासी राकेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि राकेश की झज्जर रोड पर पेपर मिल है। राकेश को शक हुआ कि पेपर मिल से कच्चा माल चोरी हो रहा है। 31 मार्च को मिल से टैम्पों में कच्चा माल भरकर मौके से फरार हो गया। 12 जून को रोहित निवासी चरखी दादरी को गिरफ्तार किया गया है।

### गल्ले से रुपये चोरी के मामले में गिरफ्तार

पुलिस ने अंबेडकर कॉलोनी में स्थित दुकान के गल्ले से हुई रुपयों की चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि अंबेडकर कॉलोनी निवासी सुमन ने शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि सुमन ने अपने घर के अंदर दुकान कर रखी है। 29 मई को सुमन अपनी दुकान से घर के अंदर कुछ सामान लेने के लिए चली गई। पीछे से युवक दुकान के गल्ले से 5 हजार रुपये चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 12 जून को आरोपी वासू उर्फ खरगोश निवासी दुजाना झज्जर को गिरफ्तार किया है।

# एमडीयू के गेट नंबर 2 पर छात्रों ने 1 घंटे ताला लगाकर धरना दिया, फीस में पांच गुना बढ़ोतरी का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के गेट नंबर के सामने छात्र संगठनों ने इकट्ठा होकर यूनिवर्सिटी के खिलाफ 5 गुना बढ़ी हुई फीस,नई शिक्षा नीति 2020 और 4 वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स के विरोध में गेट पर ताला लगाकर धरना दिया। प्रदर्शन की अगुवाई संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के विभिन्न घटक,इनसो,सीवाईएसएस,सीईएम ,जेएसओ, दिशा, एआईडीएसओ, एसएफआई, छात्र संगठनों ने की। विश्वविद्यालय के अंदर लगातार फीस वृद्धि को लेकर आंदोलन तेज हो रहा है। फीस को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के छात्र संगठनों ने इकट्ठा होकर विश्वविद्यालय के गेट पर ताला लगाकर बढ़ी हुई फीस व नई शिक्षा नीति वापस लो, 4 वर्षीय कोर्स को बंद कर 3 वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों के साथ धक्का- मुक्की की। लेकिन इस हक-अधिकार की लड़ाई को लड़ने में छात्र पीछे नहीं हटने वाले इस पर संगठनों ने ताला बंद करते हुए एक घंटे तक तालाबंद करके नारेबाजी। इसके बाद छात्रों का मांग पत्र लेने प्रॉक्टर डॉ.राजेश पूनिया पहुंचे। उन्होंने प्रशासन की ओर आश्वासन देते हुए कहा कि हम जल्द से जल्द हाई लेवल की कमेटी बैठाकर बढ़ी हुई फ़ीस पर विचार किया जाएगा। संयुक्त छात्र संघर्ष समिति ने कहा कि एमडीयू प्रशासन लगातार केंद्र व राज्य सरकार का पिछलग्गू बनकर तेजी से नई शिक्षा नीति लागू कर रहा है। प्रशासन सत्र 2024-25 के तहत 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स को बंद करके 4 वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स लेकर आया है। जिसके अंदर तमाम तरह की फीस 4 से 5 गुना बढ़ा दी गई हैं। ट्यूशन फ़ीस और डेवलपमेंट फंड के नाम से प्रशासन ने फीस को 30 से 40 गुना बढ़ा दिया है। जिसका प्रभाव गरीब मजदूर,किसान, प्राइवेट कंपनी वर्कर व मध्यम वर्गीय परिवार के छात्रों व उनके माता-पिता पर आने वाला है।





**रोहतक।** गेट पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन करते विद्यार्थी और मदवि के गेट नंबर दो के बाहर डॉ.राजेश पूनिया को ज्ञापन देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### हाई लेवल मीटिंग हो रही

धरनारत छात्रों ने बताया कि गत 12 जून को प्रशासन की तरफ से बोला गया कि हाई लेवल मीटिंग हो रही है और हम तमाम छात्र संगठनों प्रतिनिधियों के साथ मिलकर अगले 10 दिनों में बैठकर बात करेंगे। ताकि बढ़ी फीसों की समस्या का हल निकाला जा सके। प्रशासन लगातार छात्र संगठनों को गुमराह करने का काम कर रहा है। 20-22 जून से विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थी एंट्रेंस टेस्ट को देने आएंगे फिर एडमिशन प्रोसेस शुरू कर देंगे।

# नपा कर्मचारी संघ ने संयुक्त आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रोहतक।** संयुक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान और अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम में बृहस्पतिवार को बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान संजय बिड़लान द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार से कई बार वार्ता हो चुकी है, लेकिन सरकार द्वारा आज तक कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है। इसलिए नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा निगम संयुक्त आयुक्त के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। जिसमें 20 जून को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में महासचिव श्रवण बोहत, कोषाध्यक्ष विक्की बिड़लान, अनिल कांगड़ा, मुन्नू चांवरिया, राजेश बागड़ी, जतिन कुमार, अंकित आदिवाल, अरुण बिड़लान, जितेंद्र शर्मा, रवि चड्डा, सतपाल बिडलान, सौरव बागड़ी, संजय भोला , कंवल राणा, योगेश बिडलान ,वीरेंद्र , पवन राणा, शिंटू कांगड़ा, दीन दयाल, राज कुमार ढिलोड, सोमी बोहत, राधे श्याम, सुरेन्द्र चावरिया व अमित बिड़लान आदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी कर लड़की से अपने बैंक खाते में जमा करवाए 27 हजार

**महम।** बैंक खाते में गलती से पेमेंट किए जाने का बहाना बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। अकेले महम क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन फिर भी लोग ठग गिरोह के झांसे में आ जाते हैं। ऐसा ही ऑनलाइन ठगी का एक मामला फरमाणा गांव में सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा खास गांव निवासी तमन्ना ने बताया कि गत दिवस शाम को चार बजकर 38 मिनट पर एक कॉल आई। जिसमें कॉल वाले ने कहा कि उसने गलती से उसके एकाउंट में 30 हजार रुपए भेज दिए हैं। कहा कि वे उन्हें वापस कर दें। उसके पास 30 हजार रुपए प्राप्त होने का फर्जी मैसेज भी भेजा गया। उसने उसकी बात को सच मानकर गूगल पे के माध्यम से उसको 27 हजार रुपए का भुगतान कर दिया। एक बार 7 हजार रुपए भेजे गए और एक बार 20 हजार रुपए भेजे। उसने बाद में जब अपना बैंक बैलेंस चैक किया तो पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है। महम पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# मदवि ने सम्मानित किए खेल विजेता कर्मी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कर्मियों के वार्षिक खेल पारितोषिक वितरण समारोह का वीरवार को आयोजन किया गया। कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। मदवि कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय कर्मियों के कल्याण के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार के खेल आयोजन अच्छे स्वास्थ्य, टीम स्पिरिट के साथ-साथ आपसी सौहार्द- सद्भाव का संचार करते हैं। विश्वविद्यालय कैंपस में खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अन्य कल्याणकारी गतिविधियों के जरिए खुशनुमा माहौल सृजित किया जाएगा, ऐसा कुलपति का कहना था। मदवि गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा तथा समस्त पदाधिकारीगण, एमडीयू शिक्षक संघ प्रधान डॉ विकास दिवस की विशेष सहभागिता कार्यक्रम में रही। कार्यक्रम में मंच संचालन अधीक्षक सुरेश पाल राठी ने किया। बागवानी निर्देशिका प्रो विनीता हुड्डा, कार्यकारी अभियंता जेएस दहिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राधाकृष्णन सभागार में पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**रोहतक।** विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कुलपति प्रो राजबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

# नशे के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

**रोहतक।** नशे के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाडा के तहत आम लोगों को नशीली दवाओं, नशीले पदार्थो के दुष्परिणामें व दुष्प्रभाव बारे में जागरूक किया। वर्तमान एवं भविष्य की पादियों को नशे के विरुद्ध जागरुक करने के लिए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो द्वारा लिंक पर जाकर स्वयं ई-प्रतिज्ञा सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते है। यह जानकारी एसपी हिमांशु गर्ग ने दी। सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए बेबसाइट पर शपथ लीजिए पर क्लिक कर अपना ऑनलाइन विवरण दर्ज कर अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते है। उन्होंने बताया कि शपथ के लिए अपना नाम, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, जिला, पिनकोड व राज्य भरकर सबमिट करें। जिसेक बाद आपको जिंदगी को हॉ और नशे का ना कहे शपथ लेकर अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के दौरान नशे पर पूर्ण लगाम लगाने के लिए नशे के अवैध कारोबार, परिवहन, व्यापार में संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी। नशे के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में सभी प्रभारी थाना-चौकी को आदेश जारी किए गए है। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि पुलिस अधिकारी प्रत्येक कॉलोनी, सेक्टर, मौहल्ला आदि में जाकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करेंगे।



एसपी हिमांशु गर्ग

**मंथन** | मंडल आयुक्त ने उपायुक्तों के साथ विभिन्न मुद्दों पर की समीक्षा

# सड़कों की मरम्मत हो, ड्रेन और नालों की सफाई करवाई जाए: संजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने रोहतक मंडल के सभी उपायुक्तों के साथ बाढ बचाव प्रबंधों, लंबित इंतकाल, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, शहरी क्षेत्र में ड्रेन व नालों की सफाई, मंडियों से गेंहू के उठान, बिजली आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति, सीवर सफाई आदि की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रोहतक मंडल के जिलों रोहतक, झज्जर, सोनीपत, चरखी दादरी व भिवानी के उपायुक्तों के साथ विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त अपने जिला में बाढ बचाव प्रबंधों की समीक्षा करें तथा बाढ बचाव कार्यों का अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों व लिंक सड़कों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करवाई जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, उपमंडलाधीश आशीष कुमार एवं सुभाष चंद्र जून, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रोहतक मंडल के अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## 30 जून तक करें ड्रेन की सफाई

उन्होंने कहा कि ड्रेनों की सफाई 30 जून तक सुनिश्चित की जाए। समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। फसलों के लंबित मुआवजा वितरण के मामलों का यथाशीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने उपायुक्तों से बारी-बारी बाढ बचाव प्रबंधों व ड्रेनों की सफाई की जानकारी हासिल की। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंताओं से बाढ़ बचाव कार्यों की समीक्षा की।उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला में बाढ़ बचाव प्रबंधों की बैठक में समीक्षा की जाती है। ड्रेनों की सफाई का कार्य 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पंप सैट व अन्य मशीनरी भी दुरुस्त करवाई गई है। खुली ड्रेनों की सफाई शीघ्र करवा दी जाएगी। समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। राजस्व के लंबित मामलों व लंबित इंतकालों के निपटारे के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।